प्रादेशिक समाचार

09.08.2025 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रामगढ़ के नेमरा में धान रोपनी का लिया जायजा, कहा– मजबूत गांव ही होते हैं सशक्त राज्य और समृद्ध देश की नींव।

2. झारखण्ड में सादगी के साथ मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस, जनजातीय मामलों के पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा – हर एक आदिवासी को अपनी संस्कृति और परंपराओं पर करना चाहिए गर्व।

3. भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य के पांच राजनीतिक दलों समेत देशभर की 334 पार्टियों को पंजीकृत दलों की सूची से हटाया।

4. चांडिल स्टेशन के पास दो मालगाड़ियों के बीच टक्कर के बाद आज और कल वंदे भारत समेत कई ट्रेनें रद्द, कई गाड़ियों के बदले गए रूट।

5. राज्य भर में पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है रक्षाबंधन, देवघर में एक महीने तक चलने वाले राजकीय श्रावणी मेला का हुआ समापन।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि मजबूत गांव से ही राज्य और देश विकसित होता है। श्री सोरेन ने आज सोशल मीडिया पर लिखा कि मजबूत गांव ही सशक्त राज्य और समृद्ध देश की नींव होते हैं। मुख्यमंत्री इन दिनों अपने पैतृक गांव रामगढ़ जिले के नेमरा में हैं। यहां वे अपने दिवंगत पिता शिबू सोरेन के श्राद्ध कर्म की परंपरागत रस्मों को निभा रहे हैं। श्री सोरेन ने आज भी खेतों में धान रोपनी का जायजा लिया और स्थानीय किसानों से बातचीत की।

*******************

आज विश्व आदिवासी दिवस है। इस अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सभी को शुभकामनाएं दी हैं। अपने सन्देश में उन्होंने कहा कि झारखंड के आदिवासी समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है, जिसने देश के स्वतंत्रता आंदोलन में अपना अमूल्य योगदान दिया है। वहीं, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस अवसर पर अपने पिता स्व शिबू सोरेन को याद करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा है कि उनके गुरु और मार्गदर्शक उनके साथ आज नहीं हैं लेकिन उनका संघर्ष, उनके विचार और उनके आदर्श उन्हें हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे।

*******************

पूर्व केंद्रीय जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने आज खूंटी में विश्व आदिवासी दिवस को मनाने के पीछे का उद्देश्य बताया। श्री मुंडा ने कहा कि दुनिया में अपने आदि परंपराओं को लोग समझे सकें और इसके प्रति जागरूक हो सकें, इसलिए यह दिवस हर वर्ष मनाया जाता है। श्री मुंडा ने कहा कि हर एक आदिवासी को अपनी संस्कृति और परंपराओं पर गर्व करना चाहिए।

साउंड बाइट – अर्जुन मुंडा (विश्व आदिवासी दिवस) – 25 सेकेंड

इधर, जामताड़ा जिले के गांधी मैदान में भी विश्व आदिवासी दिवस समारोह सादगी के साथ मनाया गया। वहीं, गुमला जिले में विभिन्न जनजाति समुदाय के लोगों ने सरना मैदान में कार्यक्रम आयोजित किए। इस अवसर पर मेधावी छात्रों को सम्मानित भी किया गया।

*******************

भारत निर्वाचन आयोग ने झारखण्ड के पांच राजनीतिक दलों समेत देशभर की 334 पार्टियों को पंजीकृत दलों की सूची से हटा दिया है। आयोग की ओर से बताया गया कि अगर कोई दल लगातार छह वर्षों तक चुनाव नहीं लड़ता है तो उस दल को पंजीकृत दलों की सूची से हटा दिया जाता है। झारखण्ड से जिन दलों को इस सूची से हटाया गया है उनमें, भारत विकास

मोर्चा, भारतीय जनमुक्ति पार्टी, मानव मुक्ति मोर्चा, नवजीवन संघर्ष मोर्चा और राष्ट्रीय मजदूर किसान प्रजातांत्रिक पार्टी शामिल है।

*******************

आद्रा रेलमंडल के चांडिल स्टेशन के पास आज दो मालगाड़ियों के बीच हुई टक्कर के बाद चांडिल–टाटानगर और चांडिल–बोकारो रूट पर ट्रेनों का परिचालन बाधित है। वहीं, पटना–टाटानगर वंदे भारत, रांची–हावड़ा वंदे भारत, हटिया–हावड़ा क्रियायोग एक्सप्रेस और हटिया–झारसुगड़ा मेमू का आज परिचालन रद्द कर दिया गया। वहीं, कल भी टाटानगर–पटना वंदे भारत और टाटानगर–हटिया एक्सप्रेस रद्द रहेगी। इसके अलावा कई ट्रेनों के रुट में भी बदलाव किए गए हैं। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे यात्रा से पहले अपनी ट्रेनों की स्थिति की पुष्टि कर लें।

*******************

भाई–बहन के स्नेह का त्योहार रक्षा बंधन आज राज्य भर में पारम्परिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रक्षा बंधन के अवसर पर राज्यवासियों को शुभकामनाएँ दी हैं।

*******************

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा है कि रक्षाबंधन का पर्व हमें सही मार्ग पर चलने और महिलाओं की रक्षा करने की सीख देता है। श्री दास आज जमशेदपुर में बहनों और आसपास की महिलाओं से राखी बंधवाने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

*******************

हजारीबाग जिले में भाजपा महिला मोर्चा ने सांसद मनीष जायसवाल सहित अन्य भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर राखी का त्यौहार मनाया। सांसद ने हजारीबाग यूथ विंग की ओर से रक्षाबंधन के अवसर पर महिलाओं के आवागमन के लिए निरूशुल्क सात टुक–टुक वाहन सेवा को भी रवाना किया। श्री जायसवाल ने कहा कि यूथ विंग द्वारा हमेशा ही समाज की सुविधा के लिए कार्य किए जाते हैं।

इधर, चाईबासा में आयोजित एक कार्यक्रम में महिलाओं ने देश की सेवा में समर्पित सीआरपीएफ के जवानों को राखी बांधी।

*******************

देवघर जिले में एक महीने तक चलने वाले राजकीय श्रावणी मेला का आज समापन हो गया। इसके साथ ही आज से अर्घा हटा दिया गया और स्पर्श पूजा शुरू हो गई। जिले के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि एक महीने में तकरीबन 54 लाख भक्तों ने इस बार जलार्पण किया।

*******************

बोकारो जिले में हमारा गांव–हमारे लोग अभियान के तहत वरीय प्रशासनिक पदाधिकारी लगातार ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर रहे हैं।

*******************

पलामू जिले से पुलिस ने चोरी की तीन मोटर साइकिलों को बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है, जबकि इस गिरोह के दो लोग फरार हैं। इधर, लोहरदगा जिले के समाहरणालय मैदान के पास पुलिस ने प्रतिबंधित मादक पदार्थ की खरीद–बिक्री करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, चतरा जिले के खामडीह स्थित जंगल से पुलिस ने एक नक्सली को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार खंडेलवाल ने बताया कि इसके पास से गोली समेत देशी कट्टा और राईफल बरामद किए गए हैं।

*******************

लॉन बॉल वर्ल्ड कप और हांगकांग क्लासिक के चयन के लिए कुल 16 खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जिसमें से नौ खिलाड़ी झारखंड के हैं। इनमें महिला और पुरुष, दोनों शामिल हैं। महिला वर्ग में झारखण्ड से जिनका चयन किया गया है उनमें– लवली चौबे, रूपा रानी तिर्की, कविता कुमारी और रेशमा चौहान शामिल हैं। वहीं, पुरुष वर्ग में राज्य के दिनेश कुमार, सुनील बहादुर, आलोक लकड़ा, अभिषेक लकड़ा और प्रिंस कुमार हैं। 31 अगस्त को भारतीय टीम की घोषणा होगी।

*******समाप्त********